# मेहंदीपुर हमको बुला लेना बालाजी | Pooja Shrivastava

भक्ति की राह चला लेना बालाजी
मेहंदीपुर में हमको बुला लेना बालाजी
भूल हुई हमसे बचा लेना बालाजी
मेहंदीपुर में हमको बुला लेना बालाजी

हमको भी माया परेशान करे है
मनवा ये मेरा नाथ हर पल डरे है
मुक्ति की राह दिखा देना बालाजी
मेहंदीपुर में हमको बुला लेना बालाजी

अपनी शरण में अब मुझे नाथ रख लो
चरणों में अपने मेरा हाथ बाबा रख लो
जीने के काबिल बना देना बालाजी
मेहंदीपुर में हमको बुला लेना बालाजी

पुजू मैं तुमको बाला करू प्रेम तुमसे
लागी लगन अब ये टूटे न हमसे
हमको गले से लगा लेना बालाजी
मेहंदीपुर में हमको बुला लेना बालाजी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b9%e0%a4%82%e0%a4%a6%e0%a5%80%e0%a4%aa%e0%a5%81%e0%a4%b0-%e0%a4%b9%e0%a4%ae%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%ac%e0%a5%81%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%b2%e0%a5%87%e0%a4%a8%e0%a4%be/